मैसर्स अवाडा सनरेज एनर्जी बनाम भादरसिंह

अपील अर्न्तगत धारा 225 आटीए

मुकदमा नंबर 37 / 2021

जीसीएमएस नंबर 2021 / 151

तारीख हुक्म	हुकम या कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुकम की तारीख में जारी हुकम
08-9.25	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक अपीलांट ने पूर्व आदेश की पालना हेतु एक और अवसर दिये जाने का निवेदन किया। न्यायहित में वास्ते रजि. नोटिस पेश, जारी व रसीदे पेश एक और अवसर दिया जाकर पत्रावली वास्ते आगामी कार्यवाही दिनांक 23-9.25 को पेश हो।	
23—09—25	पत्रावली पेश हुई। राजकीय अभिभाषक उपस्थित। अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली शामिल मिसल है। प्रकरण वर्ष 2021 से नोटिस तामील के अभाव में लम्बित चल रहा है। शेष रेस्पोडेन्ट को जरिये रजिस्टर्ड नोटिस तामील हेतु कई बार लिखा जा चुका है। पूर्व आदेशिका दिनांक 20—06—2025, 12—08—2025, 28—08—2025 को वास्ते रजिर्स्टड नोटिस पेश व जारी एवं रशीदे पेश करने हेतु अंतिम अवसर भी दिया जा चुका है दिनांक 08—09—2025 को इस हेतु अभिभाषक अपीलांट के निवेदन में न्यायालय द्वारा नरम रूख अपनाते हुए न्यायहित में एक और अंतिम अवसर दिया गया। बाद इसके आदिनांक तक किसी भी आदेशिका की पालना अमल में नही लाई गई है इससे यह प्रतीत होता है कि अभिभाषक अपीलांट जैरकार प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। उक्त प्रकरण में आज तारीख पेशी पर भी अभिभाषक अपीलांट व अभिभाषक स्वयं को रूक—रूक कर बार—बार आवाजे लगवाई गई लेकिन उक्त प्रकरण में अभिभाषक अपीलांट व अपीलांट स्वयं न्यायालय में हाजिर नहीं आये। अतः अपील अपीलांट अदम पैरवी / अदम हाजरी में खारिज फरमाई जाती है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तामील व तकमील दाखिल दफ्तर हो। (उम्मेद सिंह रतनू) राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर राजस्व अपील अधिकारी बीकानेर	